राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय ,उदयपुर

चित्रकला परिषद 2023–24

चित्रकला विभाग की चित्रकला परिषद द्वारा कई रचनात्मक, सृजनात्मक एवं अभिव्यक्ति पूर्ण गतिविधियों का संचालन हुआ। दिनांक 15 दिसम्बर 2023 को विभाग में प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा "कला के विभिन्न स्वरूप विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में लगभग 50 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने कला का जीवन में महत्व, कला एंव प्रकृति, लोक कला, भारतीय कला की विशेषता, मूर्तिकला आदि विषयों पर अपने अपने विचार व्यक्त किये। परिचर्चा की मुख्य वक्ता प्रो,कहानी भानावत ने लोक कला संस्कृति एवं सामाजिक प्रभाव पर अपने विचार रखें। प्रो, मनीषा चौबीसा ने कला की उत्पत्ति व विश्व परिदृष्य में कला की उपादेयता बताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया ।

दिनांक 5 फरवरी 2024 को विभाग में स्नातक स्तर की छात्राओं द्वारा बनाये गये चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्‌घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो, अन्जना गौतम द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया । प्रदर्शनी में 80 छात्राओं द्वारा बनाये गये चित्रों को प्रदर्शित किया गया । साथ ही मिट्‌टी के बने रंग बिरंगे दिये भी आकर्षण का केन्द्र रहे । विभागाध्यक्ष प्रोफेसर दीपक भारद्वाज ने सभी का स्वागत करते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। प्रार्चाय प्रोफेसर अन्जना गोतम ने बताया कि कला का जीवन में महत्व एंव मनोवैज्ञानिक प्रभाव से बच्चों का मानसिक विकास होता है । इस अवसर पर विभाग के संकाय सदस्य प्रो, कहानी भानावत, प्रो, मनीषा चौबीसा, डा, रामसिह भाटी, श्रीमती पुष्पा मीणा, डा,दीपक साल्वी तथा महाविद्यालय के अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे । उन्होने छात्राओं के प्रयासों को सराहा और प्रोत्साहित किया ।

इसी सत्र से स्नाक्तोत्त्र पाठयक्रम आरम्भ होने से छात्राओं की कलात्मक अभिरूचि में भागेदारी बढ़ी। स्नाक्तोत्त र की छात्राओ ने डा, दीपक साल्वी के नेतृत्व में आर्ट जंगशन, रेजीडेन्सी, बडांगा आदि कला स्थानों

का भ्रमण किया । विदेशी कलाकारों से संवाद कर उनकी कला के विषय में जानकारी साझा की । शैक्षणिक भ्रमण के अर्न्तगत पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर,में गुजरात के प्रसिद्द कलाकार तेजस पटेल की एकल चित्र प्रर्दशनी का अवलोकन किया। इसी क्रम में मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के दृष्य कला विभाग द्वारा आयोजित विद्यार्थियों की सामुहिक कला प्रर्दशनी को छात्राओं ने देखा और कला की विभिन्न विधाओं की जानकारी ग्रहण की साथ ही वरिष्ठ कलाकरों से संवाद किया ।

स्नात्कोतर विद्यार्थियों द्वारा पहली बार कला प्रदर्शनी **"अंखुआ"** का आयोजन दिनांक 13–14 फरवरी 2024 को किया गया। इसका उद्‌घाटन महाविद्यालय प्राचार्य डा. अन्जना गौतम द्वारा किया गया। इस प्रर्दशनी में 16 छात्राओं के लगभग 50 चित्र एवं 51 छापा चित्र लगाये गये जिनके अवलोकन हेतु शहर के ख्यातनाम कलाकार श्रीनिवास अययर, प्रो. हेमन्त द्विवेदी, रघुनाथ जी, प्रो. धर्मवीर वशिष्ठ, डा. दीपिका माली, हेमन्त मेहता, सुनील निमावत, पुरूशोत्तम केशव तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्यों ने भी कलाकृतियों का अवलोकन किया एवं उनकी प्रशंसा की ।